हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 जुलाई 2026

**तापमान**
अधिकतम 32.6°c
न्यूनतम 27.6°c

**नगर में आज**
- लघुसचिवालय में समाधान शिविर में सुबह 10 बजे सुनी जाएंगी लोगों की समस्याएं।
- बिजली निगम में कर्मचारी यूनियन की बैठक सुबह 11 बजे।
- रोडवेज यूनियन की बैठक सुबह 11 बजे।
- नगर निगम आयुक्त 11 बजे लेंगे बैठक।

**खबर संक्षेप**

### एमडीयू की बीएड की परीक्षाएं 9 जुलाई से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की बीएड की जुलाई-2026 की थ्योरी परीक्षाएं 9 जुलाई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, बीएड स्पेशल एजुकेशन द्वितीय वर्ष (नियमित एवं री-अपीयर), बीएड स्पेशल एजुकेशन प्रथम वर्ष (केवल री-अपीयर) तथा बीएड अतिरिक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 9 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इन परीक्षाओं की डेटशीट एमडीयू वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### ऑनलाइन साइबर ठगी में 73 हजार रुपये उड़ाए

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना पुलिस ने गांव बहु अकबरपुर निवासी सतीश की शिकायत पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में सतीश ने बताया कि उसके साथ ऑनलाइन साइबर ठगी हुई, जिसके चलते उसके बैंक खाते से 73 हजार रुपये कट गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बहराणा में करंट लगने से लाइनमैन की मौत

**सांपला।** विद्युत वितरण निगम के कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। झज्जर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। बताया गया कि लाइन मेन मंगलवार दोपहर को झज्जर जिले के गांव बहराणा में लाइन पर काम कर रहा था। करंट लगने से मौत हो गई। मृतक 25 वर्षीय अमित भिवानी जिले के गांव झांझरा का रहने वाला था। करीब ढाई वर्ष पहले ही विभाग में भर्ती हुआ था। बुधवार को उनका गांव में अंतिम संस्कार किया गया। निगम के स्टाफ ने शौक़ प्रकट किया।


# SIR बीएलओ को गंभीरता से लें, नाम कटा तो लगाने पड़ेंगे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में अपना नाम बिना किसी परेशानी के बनाए रखना चाहते हैं तो 14 जुलाई से पहले आवश्यक दस्तावेज अपने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के पास जमा करा दें। यदि निर्धारित अवधि तक दस्तावेज जमा नहीं किए गए तो इसके बाद मतदाताओं को सत्यापन प्रक्रिया के लिए बार-बार बीएलओ के संपर्क में रहना पड़ सकता है। साथ ही निर्धारित दस्तावेज भी प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बाद ही सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के लिए दस्तावेजों के आधार पर मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है।

### दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले वोटर्स का सत्यापन अपेक्षाकृत होगा सरल

अधिकारियों के अनुसार समय पर दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले मतदाताओं का सत्यापन अपेक्षाकृत आसान रहेगा, जबकि बाद में दस्तावेज देने वालों के मामलों में अलग से जांच और सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए 10 प्रकार के दस्तावेज निर्धारित किए हैं। इनमें से आवश्यक दस्तावेज बीएलओ को उपलब्ध कराने होंगे। दस्तावेजों के आधार पर ही मतदाता के रिकॉर्ड का सत्यापन किया जाएगा। यदि दस्तावेज समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं तो मतदाता को बाद में आवश्यक प्रमाण जुटाकर बीएलओ के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।




### 2002 माना जाएगा आधार

ध्यान रहे कि एसआईआर के लिए सरकार ने वर्ष 2002 को आधार वर्ष (बेसलाइन) माना है। जिन महिलाओं का विवाह वर्ष 2002 के बाद हुआ है, उन्हें अपने पिता या माता के मतदाता होने का प्रमाण देना होगा। इसके लिए माता या पिता के मतदाता पहचान पत्र अथवा उनसे संबंधित मतदाता विवरण का उपयोग किया जा सकता है। इसी प्रकार जिन युवाओं का पहली बार मतदाता के रूप में पंजीकरण हुआ है, उन्हें भी अपने माता-पिता के मतदाता रिकॉर्ड का संदर्भ देना होगा। यदि किसी कारणवश माता-पिता का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है तो दादा या दादी के मतदाता विवरण के आधार पर भी आवश्यक जानकारी दी जा सकती है।

### जानें...14 जुलाई के बाद क्या होगा

निर्धारित तिथि के बाद जिन मतदाताओं के प्रपत्र या दस्तावेज लंबित रहेंगे, उनके मामलों का अलग से सत्यापन किया जाएगा। ऐसे मतदाताओं से बीएलओ आवश्यक दस्तावेज मांग सकते हैं और जरूरत पड़ने पर घर जाकर भी जानकारी का मिलान करेंगे। यदि दस्तावेज अधूरे पाए गए या मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई तो संबंधित प्रविष्टि पर निर्वाचन आयोग के नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए मतदाताओं के लिए बेहतर यही है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते अपने बीएलओ के पास आवश्यक दस्तावेज जमा करा दें, ताकि बाद में सत्यापन के लिए बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें और उनका नाम मतदाता सूची में बिना किसी बाधा के बना रहे।

**अब आप पर है निगम की नजर**

**कभी भी पहुंच सकता है परवाना**

# भारी पड़ेगा कूड़ा फेंकना, 500 से 50 हजार रुपये तक जुर्माना

- 40 जगह लगाए गए हैं कैमरे, चेतावनी बोर्ड भी लगाए रिकॉर्डिंग को स्क्रीन पर भी चलाने की भी है तैयारी
- डंपिंग प्वाइंट समाप्त करना चाहता है निगम, शहर के बाहरी क्षेत्र और रात को सड़कों पर कचरा फेंकने वाले बने बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को कूड़ा मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने अब सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सड़क किनारे और खाली स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों की अब खैर नहीं होगी। नगर निगम ने ऐसे स्थानों पर हाल ही में 40 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, जहां लंबे समय से अवैध रूप से कूड़ा डाला जा रहा था। इन कैमरों में कूड़ा फेंकने वाले लोगों और वाहनों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो रही हैं। जिन पर जुर्माना लगाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उनकी तस्वीर स्क्रीन पर भी चलाई जाएगी। नियम के मुताबिक पांच हजार से 50 हजार तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। निगम का उद्देश्य शहर में बने अस्थायी डंपिंग प्वाइंट पूरी तरह खत्म करना और लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर के बाहरी क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों और उन स्थानों की पहचान की गई है, जहां अक्सर लोग घरों, दुकानों और छोटे व्यवसायों का कूड़ा लाकर फेंक देते हैं। कई बार सफाई के बावजूद अगले ही दिन वहां दोबारा कूड़े के ढेर लग जाते हैं। इसे रोकने के लिए अब निगरानी व्यवस्था मजबूत की गई है।




### डोर-टू-डोर उठाया जा रहा है कूड़ा

निगम ने कैमरे लगाने के साथ-साथ संबंधित स्थानों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं, जिन पर स्पष्ट लिखा गया है कि यहां कूड़ा फेंकना प्रतिबंधित है और ऐसा करते पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके बावजूद यदि कोई व्यक्ति नियमों की अनदेखी करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के अनुसार, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना नगर निगम अधिनियम और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर 5 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर दोबारा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की व्यवस्था पहले से मौजूद है। इसके बावजूद कुछ लोग सुविधा होने के बाद भी खुले स्थानों पर कूड़ा डाल देते हैं, जिससे गंदगी फैलने के साथ बदबू, आवारा पशुओं की समस्या और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।हालांकि छोटी गलती पर केवल पांच सौ रुपये का भी जुर्माना लगाया जाता है।

### जानिए...क्या है नियम

अगर कोई सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, खाली प्लॉटों या अन्य अनधिकृत जगहों पर कूड़ा फेंकता या डंप करता पाया गया तो उस पर पहली बार 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। अगर वही व्यक्ति दोबारा ऐसा करता है तो 10 हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। वहीं बड़े पैमाने पर कचरा फेंकने या डंपिंग करने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर, संस्थानों या अन्य किसी संस्था पर और अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में पहली बार 25 हजार रुपये और दोबारा उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी के निर्देशों पर नगर निगम ने ठोस कचरा अनधिकृत स्थानों पर फेंकने वालों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में भारी जुर्माना लगाने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के निर्देशों के बाद निगम प्रशासन ने शहर में कूड़ा फेंकने और डंपिंग करने वालों के खिलाफ आर्थिक दंड तय किया है।

### यहां ज्यादा परेशानी

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, शहर के बाहरी इलाकों और सुनसान सड़कों पर सबसे अधिक अवैध रूप से कूड़ा फेंका जा रहा है। कई लोग रात के समय वाहन में कूड़ा भरकर इन स्थानों पर डाल देते हैं। इससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और शहर की स्वच्छ छवि भी प्रभावित होती है। निगम अब कैमरों की मदद से ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

### कार्रवाई होगी



शहर में अवैध रूप से कूड़ा फेंकने की समस्या को समाप्त करने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। जो भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकता पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाएगा। शहर को स्वच्छ व कूड़ा मुक्त बनाने में सहयोग करें। **-नरेंद्र कुमार,** आयुक्त नगर निगम रोहतक

**चार साल पुरानी रंजिश का खूनी अंत**

# शराब पिलाकर की थी बेरहमी से हत्या, मुख्य आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव ईस्माईला-9बी में स्थित पानी की डिग्गी से युवक नीरज का शव मिलने के सनसनीखेज मामले में रोहतक पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। बता दे कि 15 जून को सूचना मिली थी कि गांव ईस्माईला-9बी स्थित पानी की डिग्गी में एक युवक की हत्या कर शव फेंका गया है। सूचना मिलते ही सांपला थाना पुलिस, सीआईए की टीम और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान गांव ईस्माईला-9बी निवासी नीरज पुत्र दिलबाग के रूप में हुई। मृतक के भाई नरेश की शिकायत पर सांपला थाना में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पहले इस मामले में आरोपी जतिन और रविंद्र उर्फ नान्हू को गिरफ्तार किया था। अब 30 जून को छापेमारी कर मुख्य आरोपी सचिन पुत्र नरेश निवासी ईस्माईला-9 को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि 14 जून की रात नीरज अपने दो दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद अकेला पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान रविंद्र, जतिन और सचिन बाइक पर वहां पहुंचे और उसे अपने साथ शराब के ठेके पर ले गए। इसके बाद चारों गांव की पानी की डिग्गी पर पहुंचे, जहां नीरज को फिर से शराब पिलाई गई।



### यूं उतारा मौत के घाट

पुलिस के अनुसार, जब नीरज अधिक नशे में हो गया तो तीनों आरोपियों ने उस पर ईंट और बोतल से हमला किया। इसके बाद कस्सी से उसके सिर पर जानलेवा वार किए। पुलिस का कहना है कि हत्या बेहद सुनियोजित तरीके से की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि करीब चार से पांच वर्ष पहले सचिन और नीरज के परिवार के बीच गली को लेकर विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश के चलते सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

# 10 एकड़ के स्कूल की संपत्ति बनी वजह बहन के कत्ल की साजिश में भाई काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शिमला के सरस्वती पैराडाइज स्कूल की संचालिका मनीषा मित्तल की 13 जून को हुई गोली मारकर हत्या के मामले में शिमला पुलिस ने बुधवार सुबह रोहतक की नेहरू कॉलोनी से उनके छोटे भाई हिमांक मित्तल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की तीन गाड़ियां सुबह उसके घर पहुंचीं और मेडिकल कराने के बाद उसे शिमला ले जाया गया। इस मामले में अब तक हिमांक समेत चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस जांच के मुताबिक, 10.3 एकड़ में फैला सरस्वती पैराडाइज स्कूल वर्ष 2005 में धर्मपाल मित्तल ने शुरू किया था। स्कूल के संचालन के लिए बनाई गई पैरामाउंट पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल सोसायटी में वर्ष 2007 में मनीषा मित्तल को वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया था। पुलिस का दावा है कि हिमांक शुरू से ही स्कूल और उसकी करोड़ों रुपये की संपत्ति पर अकेले नियंत्रण चाहता था।



### हिमांक मित्तल ने सोसाइटी पर कब्जे की भी रची साजिश

जांच में सामने आया कि हिमांक ने अपने करीबी लोगों को सोसाइटी का सदस्य बनवाकर उस पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी गोविंद भी सोसाइटी का सदस्य बताया गया है।

### लव मैरिज के बाद बढ़ गई थीं दूरियां

पुलिस के अनुसार, मनीषा ने वर्ष 2007 में रेवाड़ी के एक डॉक्टर से प्रेम विवाह किया था, जिसका हिमांक विरोध करता था। इसके बाद दोनों भाई-बहन के रिश्तों में खटास आ गई और बातचीत लगभग बंद हो गई। मनीषा मायके आती थीं तो केवल माता-पिता से मिलकर लौट जाती थीं।

### दोस्त को बनाया साजिश का हिस्सा

पुलिस का दावा है कि हत्या के बाद सबसे अधिक फायदा हिमांक को मिलने की संभावना थी। इसी वजह से उसने खुद पर शक न हो, इसलिए अपने दोस्त और जिम संचालक गोविंद को हत्या की जिम्मेदारी सौंपी। हालांकि जांच के दौरान पुलिस ने पूरी साजिश का खुलासा करते हुए दोनों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पंचायती प्लाटों के निरीक्षण पर बवाल**

# शिमली में सरपंच व अधिकारियों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शिमली गांव में पंचायती भूमि पर प्रस्तावित प्लाटों के निरीक्षण के दौरान विवाद हिंसक हो गया। गांव की सरपंच मोनिका, पंचायत विभाग के अधिकारियों और अन्य लोगों पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को शिकायत दी गई है, जिसके आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र स्वामी ने बताया कि वर्ष 2009 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के 100 लाभार्थियों को प्लाट आवंटित किए गए थे, लेकिन आज तक उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया।

उन्होंने बताया कि पहले जिन स्थानों पर प्लाट निर्धारित किए गए थे, वहां जमीन का स्तर काफी नीचे होने के कारण लाभार्थियों ने पूर्व सरपंच को लिखित रूप में दूसरी जगह प्लाट देने का अनुरोध किया था। इसी के चलते पंचायत ने गांव के दूसरे हिस्से में पंचायती भूमि चिन्हित कर वहां प्लाट विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की। बुधवार को सरपंच मोनिका के साथ पंचायत विभाग के एससीपीओ अशोक और ग्राम सचिव रीतू निर्धारित जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने विरोध करते हुए कथित रूप से लाठी-डंडों और ईंटों से हमला कर दिया। घटना में तीन-चार लोगों को चोटें आने की बात कही गई है।




### जातिसूचक शब्द कहने व धमकी का आरोप

देवेंद्र स्वामी का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी कि इस जमीन पर किसी भी कीमत पर प्लाट नहीं कटने देंगे। उनका कहना है कि संबंधित लोगों का पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा है और इसी कारण वे प्लाट आवंटन की प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं।

### पहले भी कई बार हो चुका है विरोध

देवेंद्र स्वामी के अनुसार, लाभार्थियों को कब्जा दिलाने के लिए पहले भी कई प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन हर बार विरोध के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त सचिन गुप्ता से भी मुलाकात की गई थी। उपायुक्त के निर्देश पर ही पंचायत विभाग के अधिकारी और ग्राम सचिव मौके का निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां यह विवाद हो गया।

### इन लोगों पर लगाए आरोप

सरपंच मोनिका ने अपनी शिकायत में अमित पुत्र सुरेश, सुनील पुत्र महाबीर, सेवकराम पुत्र नेतराम, जगबीर पुत्र रामस्वरूप, बिमला, निर्मला तथा 10-12 अन्य लोगों पर हमला करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। शिकायत में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस का कहना है कि सरपंच की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### प्लाटों के लिए डीसी कार्यालय पहुंचे लोग

महात्मा गांधी ग्रामीण आवास योजना के तहत रिहायशी प्लॉट आवंटित करने की मांग को लेकर गांव शिमली के ग्रामीण बुधवार को लघु सचिवालय पहुंचे। ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम शिकायत सौंपकर पंचायत भूमि से कथित कब्जे हटवाने और पात्र लोगों को जल्द प्लॉट आवंटित करने की मांग की। ग्रामीणों की ओर से कृष्ण, सुनील, कमला, अन्नु, उर्मिला, निर्मला सहित अन्य लोगों ने बताया कि कई वर्ष पहले सरकार की महात्मा गांधी ग्रामीण आवास योजना के तहत पंचायत की जमीन पर उनके लिए रिहायशी प्लॉट काटे गए थे। योजना के तहत पात्र परिवारों का चयन भी किया गया, लेकिन आज तक उन्हें प्लॉट आवंटित नहीं किए गए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि पंचायत भूमि पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसी कारण योजना का लाभ पात्र परिवारों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से प्रशासन के समक्ष यह मामला उठाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।


**पैर गंवाया, हौसला नहीं** | **संघर्ष को बनाया सफलता की ताकत, मिसाल बना साधारण चाय वाले का असाधारण बेटा**

# ब्याज पर ली पिस्टल, लोन पर ऑटो... अब दर्शन बना स्टेट चैंपियन

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

कहते हैं, सपने वही पूरे करते हैं जो हालात से नहीं, अपने हौसले से लड़ते हैं। रोहतक के पैरा शूटर दर्शन शर्मा ने इस बात को सच साबित कर दिखाया है। एक हादसे में बायां पैर गंवाने के बाद भी उन्होंने जिंदगी के सामने घुटने नहीं टेके। आर्थिक तंगी, शारीरिक चुनौती व संसाधनों की कमी के बावजूद सपनों की उड़ान जारी रखी और अब स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल पैरा स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर मिसाल कायम कर दी।

दर्शन एक साधारण चाय विक्रेता के बेटे हैं। छह साल पहले सड़क हादसे ने उनका बायां पैर छीन लिया। करीब एक साल तक इलाज और संघर्ष के बाद जब उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों को देश के लिए पदक जीतते देखा तो उनके भीतर भी कुछ कर दिखाने का जज्बा जाग उठा। उन्होंने शूटिंग को अपना लक्ष्य बनाया, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति इस महंगे खेल का खर्च उठाने की इजाजत नहीं देती थी। ऐसे में दर्शन ने हालात के सामने हार मानने के बजाय रास्ता तलाशा। उन्होंने ब्याज पर पैसे लेकर एयर पिस्टल खरीदी और कर्ज चुकाने के लिए लोन पर ऑटो रिक्शा लिया। दिनभर ऑटो चलाकर परिवार और खेल का खर्च उठाया, जबकि शाम को घंटों शूटिंग का अभ्यास किया। साल 2022 में शुरू हुआ यह सफर आज उन्हें लगातार सफलताओं की मंजिल तक ले आया है।



### टोक्यो ओलंपिक से मिली प्रेरणा

साल 2020 में एक दर्दनाक दुर्घटना ने दर्शन का बायां पैर छीन लिया था। इस हादसे के बाद उन्हें उबरने में करीब एक साल का समय लगा। लेकिन दर्शन ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने बताया कि टोक्यो ओलंपिक में जब देश के पैरा-खिलाड़ियों ने पदक जीते, तो उन्हें वहां से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। जब उन्होंने अपने माता-पिता से शूटिंग खेलने की इच्छा जताई, तो उन्होंने कहा कि बेटा यह बहुत महंगा खेल है, हम इसका खर्च नहीं उठा सकते। इसके बाद दर्शन ने खुद अपने खर्चों का प्रबंधन करने की ठानी।

### कर्ज उतारने को लिया ऑटो

ब्याज पर पैसे लेकर खरीदी पिस्टल, कर्ज को उतारने के लिए लोन पर रिक्शा खीदी, दिन में रिक्शा और शाम को प्रैक्टिस दर्शन ने खेल के प्रति अपने जुनून को जिंदा रखने के लिए ब्याज और लोन पर पैसे लेकर पिस्टल खरीदी। खर्चों को पूरा करने और कर्ज उतारने के लिए लोन पर रिक्शा ली। वह दिन में ऑटो रिक्शा चलाते हैं और शाम के समय शूटिंग का कड़ा अभ्यास करते हैं। उन्होंने साल 2022 से इस खेल की शुरुआत की थी। फिलहाल वह ओमैक्स सिटी में रहते हैं।

### कोच संदीप नेहरा बने सहारा

दर्शन के सफर में अभिनंदन शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के कोच संदीप नेहरा ने उनका पूरा साथ दिया। जब दर्शन शुरुआत में कोच के पास आए, तो कोच ने उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए कहा, तुम बस अभ्यास करो, फीस देने की कोई जरूरत नहीं है। एक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दर्शन के पास पैसे नहीं थे। उन्होंने मायूस होकर कोच से कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं। इस पर कोच संदीप ने उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि चिंता मत करो, मैं खुद सारी चीजों का प्रबंध कर दूंगा। कोच ही उनके बाहर खेलने जाने, रहने और खाने का खर्च उठाते हैं।

### ये हैं दर्शन की उपलब्धियां

वर्ष 2023 और 2024 की स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लगातार दो स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किए। इसके बाद सफलता का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका और वर्ष 2024 में ही आयोजित हुई नॉर्थ जोन शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए इन्होंने कांस्य पदक पर निशाना साधा। वर्ष 2025 की स्टेट प्रतियोगिता में एक बार फिर स्वर्णिम सफलता दोहराई और लगातार तीसरा स्टेट गोल्ड मेडल अपने खाते में जोड़ा। 'खेलो इंडिया' गेम्स 2025 में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित केएसआरएस शूटिंग पैरा प्रतियोगिता में भी कड़े मुकाबले के बीच इन्होंने चौथा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# मानसून की दस्तक, 6 तक झमाझम बारिश के आसार

- आज बादल छाने, बौछारें गिरने और कल तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी

**रोहतक।** दक्षिण-पश्चिम मानसून हरियाणा के साथ-साथ रोहतक तक पहुंच चुका है। आईएमडी के अनुसार मानसूनी हवाओं ने राज्य में धमाकेदार दस्तक दी है जिससे 6 जुलाई तक प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में झमाझम बारिश होने और मौसम सुहावना बने रहने की पूरी संभावना है।

यदि मौसम प्रणाली अनुकूल रही तो बुधवार से ही कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में बादलों की आवाजाही और दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण में नमी बढ़ी है। इसी वजह से कई स्थानों पर उमस अधिक महसूस की जा रही है। हालांकि बारिश शुरू होने के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

### विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने गरज-चमक और तेज हवाओं के दौरान लोगों से सावधानी बरतने की भी सलाह दी है। खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचने की हिदायत दी गई है। बारिश शुरू होने के बाद दिन के तापमान में कमी आएगी, जबकि हवा में नमी अधिक रहने से शुरुआती दौर में उमस बनी रह सकती है। लगातार वर्षा होने पर मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्लंबर यूनियन महम की कार्यकारिणी गठित

**महम।** प्लंबर यूनियन महम चौबीसी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजा राम सीसर को यूनियन का प्रधान चुना गया। मंजीत को उपप्रधान, रिंकू सैमाण को सचिव,जयनारायण को उपसलाहकार और मुकेश चांग को सलाहकार नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ईमानदारी, निष्ठा व लगन से काम करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मुकेश, रिंकू, काला, सतेंद्र सिंह और संजय समेत महम क्षेत्र के कई प्लंबर मौजूद थे।

### मदीना के सरकारी स्कूल से सामान चोरी

**महम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में चोरी हो गई। विद्यालय की प्रिंसिपल सविता रानी ने बहु अकबरपुर थाने में शिकायत दी कि 29 जून को स्कूल में बीएलओ की मीटिंग थी। ग्रीष्म कालीन अवकाश से दो दिन पहले सफाई कराने के लिए कुछ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। मिड डे मील वर्कर्स को भी बुलाया गया था। मिड डे मील वर्कर्स सतवंती देवी सुबह 9 बजे विद्यालय में आई तो उन्होंने देखा कि अंदर और बाहर वाले कमरे का ताला टूटा हुआ है। वहां पर आटा बिखरा हुआ पाया गया और काफी सामान चोरी हुआ मिला।

### पति के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज

**महम।** महम में विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने और दहेज के लिए तंग करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधीक्षक रोहतक को दी शिकायत में बहलबा गांव की लड़की ने बताया कि उसकी शादी खरैंटी गांव निवासी सूरज पुत्र बिजेंद्र के साथ हुई थी। उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। उसके ससुराल वाले उसको दहेज के लिए तंग करने लगे। दहेज के लिए उसको घर से निकाल दिया जाता था। उसका दो साल का बेटा है।

व्यापारियों के साथ नपा चेयरमैन ने पुलिस से की मुलाकात, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग; आज डीएसपी से मिलेंगे व्यापारी

# सांपला में चोरों का आतंक: एक ही रात में चार सीएससी सेंटर और खाद-बीज भंडार के ताले तोड़ लाखों की नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांपला

सांपला में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक साथ चार सीएससी सेंटर और एक खाद-बीज भंडार को निशाना बनाते हुए उनके ताले तोड़ दिए और लाखों रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। खास बात यह रही कि जिन चार सीएससी सेंटरों में चोरी हुई, उनमें से एक सीएससी सेंटर सांपला पुलिस चौकी से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिससे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, चोरों ने खरखोदा रोड स्थित तरुण महादेव सीएससी, नितीश सीएससी, साहिल सीएससी तथा दीपक सीएससी एवं फोटोस्टेट सेंटर के अलावा झज्जर रोड स्थित हरियाणा खाद-बीज भंडार को निशाना बनाया। सभी दुकानों के ताले तोड़कर चोर नकदी लेकर फरार हो गए।



**फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए**

**एक सीएससी सेंटर पुलिस चौकी से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित**

### पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी बड़ी चोरी की वारदात

व्यापारियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी बड़ी चोरी की वारदात है। इस दौरान करीब एक दर्जन दुकानों को निशाना बनाया जा चुका है और चोर अधिकांश मामलों में केवल नकदी ही चोरी कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जबकि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। घटना से नाराज व्यापारियों ने नगर पालिका चेयरमैन परवीन कोच को सूचना दी। इसके बाद चेयरमैन व्यापारियों के बीच मुख्य बाजार पहुंचे और उनके साथ सांपला पुलिस चौकी जाकर चौकी प्रभारी महेंद्र मलिक से मुलाकात की। व्यापारियों ने सांपला में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले मुख्य चौराहे पर स्थित हरियाणा रेडीमेड शोरूम में हुई लाखों रुपये की चोरी का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है। व्यापारी गुरुवार को डीएसपी से मुलाकात कर सुरक्षा की मांग करेंगे।

मनरेगा बहाल करने व वीबी ग्राम जी अधिनियम रद्द करने की मांग

# कई गांवों में विरोध प्रदर्शन, लोगों ने बिल की प्रतियां जला जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

खेत एवं ग्रामीण मजदूर संगठनों के आह्वान पर नरेगा संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में मनरेगा को बहाल करने तथा वीबी ग्राम जी अधिनियम को रद्द करने की मांग को लेकर दर्जनों गांवों में विरोध प्रदर्शन किए गए और वीबी ग्राम जी अधिनियम की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया गया। खेत मजदूर यूनियन के राज्य कमेटी सदस्य रामचन्द्र बैंसी ने बताया कि नरेगा संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर खरक, बैंसी, खरैंटी, लाखन माजरा, घड़ौठी, चांदी, डोभ और लाहली सहित अनेक गांवों में मजदूरों ने वीबी ग्राम जी अधिनियम का विरोध करते हुए उसकी प्रतियां जलाईं।

अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेमचंद ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी ग्राम जी की नई योजना ग्रामीण गरीबों की आजीविका पर गंभीर आघात है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरी का 100 प्रतिशत खर्च केंद्र सरकार वहन करती थी, जबकि वीबी ग्राम जी में 60:40 का फंडिंग मॉडल लागू किया जा रहा है, जिसमें 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र और 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को वहन करना होगा। उनका कहना था कि हरियाणा जैसे राज्यों पर इससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जिसके कारण बजटीय कमी होने पर रोजगार के दिनों में कटौती की जा सकती है।

मनरेगा के तहत रोजगार प्राप्त करना एक कानूनी अधिकार था, जबकि वीबी ग्राम जी में रोजगार की उपलब्धता बजट और निर्धारित लक्ष्यों पर निर्भर होगी। इसके अलावा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनिवार्य उपयोग से ग्रामीण क्षेत्रों के अकुशल मजदूरों के सामने नई तकनीकी बाधाएं खड़ी होंगी। उनका कहना था कि इससे मजदूरों की आजीविका सुरक्षा कमजोर होगी।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए सरकार की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त करते नरेगा संघर्ष मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### विरोध कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

विरोध कार्यक्रमों में रामचंद्र, वीर सिंह, सरिता, शकुंतला, सरोज, सुमन, नीलम, रीना, ममता, इंद्रावती, कमलेश (लाहली), सतबीर, आकाश, निर्मला, निशा, रेखा, बबली, विद्या देवी, किरण, संगीता, बलवान, जगमेन्द्र, दलबीर, रामहेर, कर्ण सिंह, सुनील, उमेद, रामनिवास, नसीब, तिजो, गुड्डी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मजदूर उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री की वादाखिलाफी पर अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों का फूटा गुस्सा, प्रदेशभर में प्रदर्शन




**रोहतक।** हरियाणा के हजारों अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बुधवार को अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एवं भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने उपायुक्त के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। संघ के प्रदेश प्रचार मंत्री प्रदीप कुमार ने कहा कि 15 जून को गुरुग्राम में मुख्यमंत्री द्वारा कच्चे कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा पत्र देने का किया गया वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की वादाखिलाफी से कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो राज्यव्यापी आंदोलन और चक्का जाम किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**प्रमुख मांगें:** संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि एचकेआरएन के वार्ड सर्वेंट एवं सफाई कर्मचारियों के जबरन तबादलों पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा पांच वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा अधिनियम-2024 के तहत स्थायी नौकरी की गारंटी दी जाए। इसके अलावा मेवात, गुरुग्राम, फतेहाबाद, भिवानी और हिसार जिलों के कर्मचारियों का अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 तक लंबित वेतन तत्काल जारी करने तथा प्रत्येक माह की 7 तारीख तक नियमित वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

संघ ने तकनीकी कर्मचारियों को लेवल-3 में अपग्रेड करने, सभी कर्मचारियों को समान वर्दी एवं धुलाई भत्ता प्रदान करने, जोखिम भत्ता एवं पोस्टमार्टम भत्ता लागू करने तथा कैशलेस उपचार के लिए सभी पात्र कर्मचारियों के आयुष्मान या चिरायु कार्ड शीघ्र बनाने की भी मांग उठाई है।

## न्यूज डायरी



### बिजली कर्मचारियों का निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन, एग्रो डिस्कॉम गठन का किया विरोध

**रोहतक।** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी यूनियन के बैनर तले बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित सब डिवीजन कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग आयोजित कर अलग एग्रो डिस्कॉम के गठन तथा गुरुग्राम और नूंह की बिजली व्यवस्था निजी हाथों में सौंपने के प्रस्ताव का विरोध किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सर्कल सचिव सुनील दहिया की अध्यक्षता में आयोजित सभा को राज्य मुख्य संगठनकर्ता विजेंद्र भाटिया ने संबोधित करते हुए कहा कि अलग एग्रो यूटिलिटी का गठन और बिजली व्यवस्था का निजीकरण कर्मचारियों व उपभोक्ताओं, दोनों के हितों के खिलाफ है। इससे कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा प्रभावित होगी और उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारी विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में राज्य उपप्रधान सुनील पवार, सिटी यूनिट प्रधान सोनू खटक, संगठनकर्ता विकास कुमार, कैशियर सज्जन कुमार, सब यूनिट प्रधान प्रवीण रंगा, वरिष्ठ उपप्रधान रामबिलास, सचिव सुनील भौरिया, अनीता समभरवाल, सुनीता फर्ड सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। यूनियन ने सरकार से निजीकरण और एग्रो डिस्कॉम गठन का प्रस्ताव तत्काल वापस लेने की मांग की।

### बीडीपीओ कार्यालय और नगर पालिका भवन के पास 95 लाख रुपये की लागत से बनेंगे दो नाले

**महम।** महम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय और नगर पालिका कार्यालय के पास दो नाले बनेंगे। इसके लिए नगर पालिका ने टेंडर जारी कर दिए हैं। एक नाला बीडीपीओ कार्यालय से बिनौला मार्केट तक बनाया जाएगा। दूसरा नाला भिवानी रोड से पुराना बस स्टैंड होते हुए अग्रसेन स्कूल की पुरानी बिल्डिंग तब बनाया जाएगा। बीडीपीओ कार्यालय से बिनौला मार्केट तक नाला निर्माण पर 45.76 लाख रुपये की लागत आएगी। भिवानी रोड से पुराना बस स्टैंड (पुराना अग्रसेन स्कूल रोड) तक दोनों ओर नाला निर्माण पर 49.84 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों प्रोजेक्ट पर 95.60 लाख रुपए लागत आएगी। महम नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से बरसात के दौरान जलभराव की समस्या में काफी राहत मिलने की उम्मीद है तथा शहर की जल निकासी व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। शहरवासियों को उम्मीद है कि टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी होकर निर्माण कार्य समय पर शुरू होगा और महम के नागरिकों को इसका लाभ मिल सकेगा।



### स्वर्गीय राकेश शर्मा की स्मृति में लगा नेत्र, दंत जांच और रक्तदान शिविर

**रोहतक।** शुगर मिल भाली में शर्मा परिवार द्वारा अपने प्रिय राकेश शर्मा की स्मृति में 11वीं पुण्यतिथि पर नेत्र जांच, दंत जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ परिवार एवं शुगर मिल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर किया। सभी ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि की एवं उनकी स्मृतियों को स्मरण किया। नेत्रजाच शिविर में पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने 218 मरीजों की नेत्र जांच की। सभी मरीजों को निशुल्क दवाई दी गई। 118 मरीजों को निशुल्क चश्मे दिए गए। 15 मरीजों को ऑपरेशन के लिए आरआईओ पंडित भगवत दयाल यूनिवर्सिटी एवं सामान्य अस्पताल आगामी जांच एवं ऑप्रेशन के लिए भेजा गया।दांत शिविर में डॉक्टर अर्थ शर्मा ने 85 मरीजों की दातों की जांच की। उपलब्ध सुविधाओं के अनुसार उनका इलाज किया गया।रक्तदान शिविर में डॉ प्रदीप की टीम ने 15 रक्तदाताओं का रक्त डोनेशन के रूप में प्राप्त किया। इस रक्त को सामान्य अस्पताल में जरूर मंद गरीब मरीजों के लिए प्रयोग किया जाएगा। रक्तदान शिविर में उनकी दोनों बेटियों अंश शर्मा एवं डा अर्थ शर्मा ने भी सहयोग किया। शिविर में उनके बड़े भाई चक्रवर्ती शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर, 100 से अधिक जवानों का हुआ चेकअप

**रोहतक।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में संतोष कैंसर फाउंडेशन, हिसार और वी केयर अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, डीएसपी महम तनुज शर्मा, डीएसपी दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में 100 से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों की स्वास्थ्य जांच की गई। फार्मासिस्ट हरेंद्र कटारिया और उनकी टीम ने शिविर के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई।

### नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में वर्मी कम्पोस्टिंग पर चार-साप्ताहिक इंटर्नशिप शुरू



**रोहतक।** नेकीराम राजकीय महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत "वर्मी कम्पोस्टिंग, वर्मीकल्चर एवं ऑर्गेनिक वेस्ट मैनेजमेंट पर चार-साप्ताहिक इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल शुभारम्भ किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास, व्यावहारिक ज्ञान और उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान ने की। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता बिरवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पिंकी देसवाल और सह-समन्वयन दीक्षा रांगा द्वारा किया गया। यह इंटर्नशिप 1 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक चलेगी, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के कुल 32 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## महम में नया बस स्टैंड चौक के पास सड़क धंसी, वाहन फंसे

### अस्थाई रूप से रास्ता बंद किया

**महम।** 19 एमएम बारिश ने ही महम के विकास की पोल खोलकर रख दी है। बुधवार सुबह नया बस स्टैंड रोड और दशहरा ग्राउंड रोड पर कई जगह सड़क धंस गई। जिस वजह से कई वाहन कीचड़ में फंस गए। क्रेन और जेसीबी मशीनें लगाकर वाहनों को धंसी हुई सड़कों से बाहर निकाला गया। बार बार वाहनों के धंसने से अस्थाई रूप से इस मार्ग को बंद कर दिया गया। पार्षद बजरंग गोयल उर्फ बॉबी ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग ने इस मार्ग पर आने वाले वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि इस मार्ग का उपयोग न करें। कहा है कि इसके लिए वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें। इस रोड पर पेयजल पाइप लाइन बिछाई जा रही है। महम के नए बस स्टैंड के सामने स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज लाइन का कार्य अभी प्रगति पर है। इस कारण सड़क पर नई मिट्टी डाली गई है, जो अभी पूरी तरह से मजबूत नहीं हुई है। आज इसी मार्ग से गुजरते समय एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी धंसने के कारण फंस गई। इससे स्पष्ट है कि इस समय भारी वाहनों का आवागमन जोखिम भरा हो सकता है।



## भाजपा नेताओं में हुई तीखी बहस, वीडियो वायरल

- महामंत्री से अभद्रता का आरोप प्रदेश नेतृत्व तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भाजपा की जिला इकाई में अंदरूनी कलह सामने आई है। जिला कार्यालय में हुए विवाद का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें जिला सचिव अंकुश बिड्डू जिला महामंत्री अभिनंदन भारद्वाज से तीखी बहस करते और कथित तौर पर उन्हें देख लेने की धमकी देते दिखाई दे रहे हैं। मामले की गूंज प्रदेश नेतृत्व तक जा पहुंची है। जानकारी के अनुसार, जिला महामंत्री अभिनंदन भारद्वाज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता और प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा को विस्तृत लिखित शिकायत भेजी है। शिकायत में जिला सचिव पर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, वरिष्ठ पदाधिकारियों का अपमान, कार्यकर्ताओं को धमकाने, संगठनात्मक अनुशासन तोड़ने और प्रभाव का दुरुपयोग करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार, 27 जून को भाजपा जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक चल रही थी। इसी दौरान किसी मुद्दे पर चर्चा के बीच जिला सचिव ने कथित रूप से ऊंची आवाज में बहस शुरू कर दी और जिला महामंत्री के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। पत्र में आरोप लगाया गया है कि जिला सचिव ने अधिकारियों से अपनी नजदीकी का हवाला देते हुए कहा कि तुम्हारे जैसे महामंत्री की मुझसे बात करने की औकात नहीं है।

**आरोप बेबुनियाद**

यह सभी आरोप बेबुनियाद हैं। षड्यंत्र के तहत ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं। मैं पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं। मेरा किसी से कोई विवाद नहीं है।

-अंकुश बिड्डू, जिला सचिव

## स्लम के बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे प्रीति और प्रदीप

### मेडिकल सर्विस सेंटर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

स्लम की बदबूदार गलियां जहां लोग देखना तक पसंद नहीं करते, जहां अनेक बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, वहीं प्रदीप और प्रीति जैसे युवा समाज में बदलाव की एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। दोनों प्रतिदिन लगभग 2–3 घंटे स्लम बस्ती में जाकर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए निस्वार्थ भाव से लगे हैं। उनका उद्देश्य है कि आर्थिक तंगी किसी भी बच्चे के सपनों और शिक्षा के रास्ते में बाधा न बने। स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता गतिविधियों के दौरान एमएससी की टीम ने देखा कि प्रदीप और प्रीति सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे हैं। शिक्षण कार्य में व्हाइट बोर्ड की आवश्यकता महसूस होने पर, प्रदीप और प्रीति के प्रयास को प्रोत्साहित करने के लिए मेडिकल सर्विस सेंटर रोहतक इकाई ने शिक्षण कार्य के लिए आवश्यक व्हाइट बोर्ड उपलब्ध कराया। साथ ही दोनों के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. पूनम, अंकुश, सुभम, नितेश, नैन्सी एवं यश उपस्थित रहे। मेडिकल सर्विस सेंटर का उद्देश्य केवल चिकित्सा सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य, शिक्षा, सेवा और सामाजिक जागरूकता पहुंचाना भी है।

## पुराने वाहनों को हटाकर बीएस 6 व ईवी वाहन खरीदने पर मिलेगी छूट



**रोहतक।** जिला परिवहन विभाग की ओर से स्क्रैपेज नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी एवं सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) ने ट्रांसपोर्टरों, बस एवं ट्रक संचालकों और वाहन मालिकों को केंद्र सरकार की वाहन स्क्रैपेज नीति की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पंजीकृत बीएस-1, बीएस-2, बीएस-3 और बीएस-4 मानक के ट्रकों एवं बसों के लिए नई स्क्रैपेज योजना लागू की गई है। योजना का लाभ केवल एनसीआर में पंजीकृत बीएस-4 अथवा उससे पुराने व्यावसायिक वाहनों को मिलेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि योजना के तहत यदि कोई वाहन मालिक नया बीएस-6 अथवा इलेक्ट्रिक वाहन खरीदता है तो उसे विभिन्न प्रकार की वित्तीय रियायतें प्रदान की जाएंगी। नए बीएस-6 या इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर मोटर वाहन कर (एमवीटी) एवं पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान किया गया है। वहीं, सीएनजी वाहन खरीदने पर भी निर्धारित नियमों के अनुसार कर एवं शुल्क में राहत मिलेगी। बीएस-6 वाहनों पर 50 प्रतिशत तक एमवीटी में छूट तथा पंजीकरण शुल्क में पूर्ण छूट का लाभ दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से पांच वर्षों तक विशेष प्रोत्साहन उपलब्ध रहेगा। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर वाहन श्रेणी के अनुसार 64 हजार रुपये से लेकर 2.56 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है।

भैणी महाराजपुर, महम व खेड़ी महम में 1246.52 एकड़ जमीन खरीदेगी सरकार

# महम में भी बनेंगे रिहायशी सेक्टर, एचएसवीपी ने ई-भूमि पोर्टल पर किसानों से मांगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

हरियाणा सरकार ने ई भूमि पोर्टल के जरिए भू मालिकों की सहमति से 71 शहरों में लगभग 1.67 लाख एकड़ जमीन खरीदने की योजना बनाई है। इस जमीन पर सरकार आवासीय, वाणिज्यिक और संस्थागत क्षेत्र का विकास करेगी। प्रदेश सरकार द्वारा दूसरे चरण में 13 शहरों में लगभग 33 हजार एकड़ जमीन खरीदी जा रही है। इन 13 शहरों में महम को भी शामिल किया गया है। हरियाणा शहरी प्राधिकरण ने महम, भैणी महाराजपुर गांव और खेड़ी महम गांव की 1246.52 एकड़ जमीन खरीदने की योजना बनाई है। इन तीनों गांवों के इच्छुक भू मालिक ई भूमि वेबसाइट पर जाकर अपनी भूमि की पेशकश करने के लिए अपनी रूचि प्रस्तुत कर सकते हैं। ई भूमि पोर्टल दो महीने तक खुला रहेगा। 31 अगस्त तक भू स्वामी इस वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र भी जारी किए गए हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकूला ने इसके लिए एक जुलाई के समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किया है।

### बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा

*पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के निजी सचिव महेश भारद्वाज ने दावा किया है कि महम में एचएसवीपी ने जमीन अधिग्रहण के लिए जो प्रक्रिया शुरू की है, इसके लिए सांसद रहते हुए रामचंद्र जांगड़ा ने प्रयास किए थे। यह जमीन अधिग्रहण होने पर महम क्षेत्र का विकास होगा।। यहां पर नियोजित आवासीय सेक्टर का विकास किया जाएगा। व्यापारिक एवं औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य संस्थागत परियोजनाओं के नए अवसर पैदा होंगे। बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं आर्थिक विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी। महम के विकास की नई शुरुआत का समय आ गया है। यदि यह प्रक्रिया सफल होती है तो आने वाले वर्षों में महम आधुनिक, योजनाबद्ध और विकसित शहर के रूप में नई पहचान बना सकता है।*

लॉ विभाग में काफी भीड़ देखने को मिली

# यूआईईटी में बीसीए का क्रेज, दूसरी काउंसलिंग में सभी 160 सीटें फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। काउंसलिंग में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

मिशन एडमिशन

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन) की सभी 160 सीटों पर दाखिले पूरे हो गए हैं। वहीं, दूसरी काउंसलिंग में लॉ विभाग में काफी भीड़ देखने को मिली। यूआईईटी डॉ. विनीत सिंगला ने बताया कि दो चरणों में हुई काउंसलिंग के बाद संस्थान की सभी सीटें भर गईं, जिससे आईटी शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की बढ़ती रुचि साफ नजर आई। 25 जून से शुरू हुई पहले चरण की काउंसलिंग में 160 में से 134 सीटों पर प्रवेश हुए थे। इसके बाद 1 जुलाई को आयोजित दूसरे चरण की काउंसलिंग में बची 26 सीटों पर भी दाखिले पूरे कर लिए गए। पूरी प्रवेश प्रक्रिया का संचालन बीसीए प्रवेश समिति की संयोजक डॉ. कामना सोलंकी और सह-संयोजक डॉ. योगेश ने किया। निदेशक डॉ. विनीत सिंगला ने कहा कि सभी सीटों का भर जाना संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम पर छात्रों एवं अभिभावकों के बढ़ते भरोसे का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डिजिटल परिवर्तन के दौर में आईटी पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण बीसीए सबसे पसंदीदा स्नातक पाठ्यक्रमों में शामिल हो गया है।निदेशक ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने वाला बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुजाता सेठी को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

# पीजीआईएमएस में डॉ. कुंदन को दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। डॉ. कुंदन मित्तल को सम्मानित करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल व अन्य डॉक्टर।

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पीजीआईएमएस रोहतक के पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल को निदेशक कार्यालय में सेवानिवृत्ति विदाई पार्टी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक डॉ. एसके सिंघल द्वारा किया गया। इस मौके पर निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने डॉ. कुंदन मित्तल को शॉल, स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. सिंघल ने कहा कि डॉ. कुंदन मित्तल ने चिकित्सा अधीक्षक के रूप में संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भरपूर सहयोग दिया। प्रशासनिक दक्षता के साथ-साथ शिशु रोग विशेषज्ञ के तौर पर उनका मरीजों से जुड़ाव प्रेरणादायक रहा। डॉ. सिंघल ने आगे कहा कि डॉ. मित्तल ने आईसीयू, मातृ-शिशु विंग और ओपीडी सेवाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। डॉ. कुंदन हमेशा कहते थे कि अस्पताल में आने वाला हर मरीज हमारा मेहमान है। इस भावना को उन्होंने पूरे स्टाफ में भी विकसित किया। पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि पीजीआईएमएस मेरा परिवार है। विदाई समारोह में डीन डॉ. अशोक चौहान, वित्त अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने डॉ. मित्तल के स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।

### इन्हें मिला एमएस का कार्यभार

पीजीआई के मनोरोग विभाग की सीनियर प्रो. और विभागाध्यक्ष डॉ. सुजाता सेठी को पीजीआई के चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। वहीं निदेशक डॉ. एसके सिंघल भी एक माह बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनका पद पाने के लिए भी कई वरिष्ठ चिकित्सक प्रयास कर रहे हैं।



## पीएम स्वनिधि योजना से एक माह में 860 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को लाभ

**रोहतक।** 1 जून से 30 जून 2026 तक प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत विशेष जनकल्याण मेलों का सफल आयोजन किया गया। इनका उद्देश्य रेड़ी-फड़ी, ठेली एवं छोटे दुकानदारों को सरल एवं सुलभ ऋण उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना था। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ महम, सांपला एवं कलानौर में भी जनकल्याण मेलों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स ने भाग लेकर योजना का लाभ प्राप्त किया। मेलों में लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया।निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि एक माह के विशेष मेलो के दौरान 860 से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को विभिन्न चरणों में ऋण उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को नई गति प्रदान की गई है। नगर निगम भविष्य में भी ऐसे जनकल्याण मेलो का आयोजन किया जायेगा, ताकि अधिक से अधिक छोटे व्यापारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके और वे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

साझा मॉडल से बचेगा करोड़ों का खर्च, विदेशी मुद्रा पर पड़ेगा सकारात्मक असर

# एमडीयू की शोध लैब में अब दूसरे विश्वविद्यालयों के छात्र कर सकेंगे रिसर्च

- बाहर से आने वाले शोधार्थियों के ठहरने की भी होगी व्यवस्था
- दूसरे विश्वविद्यालयों को महंगे विदेशी उपकरण नहीं खरीदने पड़ेंगे, संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में करोड़ों रुपये की लागत से स्थापित अत्याधुनिक शोध प्रयोगशालाओं और विदेशी उपकरणों का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। करीब 30 करोड़ रुपये मूल्य के इन उपकरणों पर हर वर्ष रखरखाव का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है, जबकि कई उपकरणों के संचालन के लिए प्रशिक्षित ऑपरेटर तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय अब अपनी शोध प्रयोगशालाओं और महंगे उपकरणों को दूसरे विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों के लिए खोलने की योजना पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

यूनिवर्सिटी स्तर पर तैयार किए जा रहे प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश और देश के अन्य विश्वविद्यालयों के शोधार्थी एमडीयू आकर अपनी रिसर्च कर सकेंगे। इसके लिए उनसे केवल नाममात्र का शुल्क लिया जाएगा। साथ ही बाहर से आने वाले शोधार्थियों के ठहरने और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय करेगा। यदि यह योजना लागू होती है तो प्रदेश में शोध संसाधनों के साझा उपयोग का यह एक महत्वपूर्ण मॉडल बन सकता है। योजना के तहत दूसरे विश्वविद्यालय अपने शोधार्थियों को एमडीयू भेज सकेंगे।

शोध कार्य के दौरान प्रयोगशालाओं, उपकरणों और आवश्यक तकनीकी सहयोग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए आवास की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय परिसर में करने की तैयारी है, ताकि उन्हें शोध कार्य के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। विशेषज्ञों का मानना है कि महंगे वैज्ञानिक उपकरणों का साझा उपयोग आज दुनिया के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों में अपनाया जा रहा मॉडल है। इससे संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल होता है, संस्थानों का खर्च कम होता है और शोध कार्यों की गुणवत्ता भी बढ़ती है।

### कई अत्याधुनिक विदेशी उपकरण उपलब्ध



एमडीयू के पास विज्ञान, जीवन विज्ञान, रसायन, भौतिकी, जैव प्रौद्योगिकी और अन्य विषयों से जुड़े कई अत्याधुनिक विदेशी उपकरण उपलब्ध हैं। प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालयों के पास इतनी बड़ी संख्या में उच्च स्तरीय अनुसंधान उपकरण नहीं हैं। इसके बावजूद इनका उपयोग उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। कई उपकरण लंबे समय तक निष्क्रिय रहते हैं, जबकि उनके वार्षिक रखरखाव, कैलिब्रेशन और सर्विसिंग पर विश्वविद्यालय को लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यदि इन संसाधनों का उपयोग केवल एमडीयू तक सीमित रखने के बजाय अन्य संस्थानों के शोधार्थियों के लिए भी किया जाए तो उपकरणों का बेहतर उपयोग होगा। इससे विश्वविद्यालय को रखरखाव के लिए अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी और शोधार्थियों को महंगे उपकरणों तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी।

### बचेगा डॉलर, कम होगा विश्वविद्यालयों का खर्च

शोध कार्यों में उपयोग होने वाले अधिकांश अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरण विदेशों से आयात किए जाते हैं और उनकी खरीद डॉलर में होती है। ऐसे उपकरण खरीदने पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाती है। साथ ही उपकरणों की स्थापना, रखरखाव और स्पेयर पार्ट्स पर भी लगातार खर्च करना पड़ता है। अधिकांश विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति इतनी मजबूत नहीं होती कि वे बार-बार करोड़ों रुपये के विदेशी उपकरण खरीद सकें। एमडीयू की प्रस्तावित व्यवस्था लागू होने पर दूसरे विश्वविद्यालयों को अलग-अलग महंगे उपकरण खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वे अपने शोधार्थियों को एमडीयू भेजकर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। इससे न केवल विश्वविद्यालयों का करोड़ों रुपये का पूंजीगत खर्च बचेगा, बल्कि विदेशी उपकरणों की अनावश्यक खरीद भी कम होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि संसाधनों के साझा उपयोग का यह मॉडल शोध को गति देने के साथ-साथ देश की विदेशी मुद्रा बचाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

## पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में ललित ने जीता सोना



**रोहतक।** 25 से 28 जून तक आयोजित जूनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में कर्नल फतेह सिंह तक्षक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भगवी के होनहार खिलाड़ी ललित ने सब-जूनियर वर्ग के 54–56 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा एवं क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस प्रतियोगिता में कॉम्प्लेक्स के खिलाड़ी अक्षय एवं जतिन ने भी भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। तीनों खिलाड़ियों की मेहनत और खेल भावना की सभी ने सराहना की। खिलाड़ियों के कोच अक्षय कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने लंबे समय तक कठिन परिश्रम, अनुशासन और नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता हासिल की है। ललित की इस शानदार उपलब्धि पर कर्नल फतेह सिंह तक्षक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भगवी की प्रबंधन समिति के सदस्य संजय तक्षक, अनिल सरपंच, राजू एवं नितिन ने खिलाड़ियों और कोच अक्षय कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समिति के सदस्यों ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा और देश का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज डायरी



### गुरुकुल विश्वभारती में शिक्षकों ने सीखा विद्यार्थियों को तनावमुक्त रखने का हुनर

**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में शिक्षकों के लिए 'विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण' विषय पर एक विशेष इन-हाउस ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता (रिसोर्स पर्सन) अभिलाष शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक समय में छात्रों के बदलते व्यवहार और मानसिक तनाव को समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। शर्मा ने कुछ खास टिप्स साझा करते हुए स्पष्ट किया कि शिक्षक किस प्रकार कक्षा के भीतर एक सकारात्मक, सुरक्षित और तनावमुक्त माहौल तैयार कर विद्यार्थियों का सही मार्गदर्शन कर सकते हैं। गुरुकुल के प्राचार्य संजय कौशिक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के समापन पर समस्त शिक्षकगणों ने छात्र-कल्याण से जुड़े इन आवश्यक कौशलों को अपने दैनिक शिक्षण और व्यावहारिक दृष्टिकोण में शामिल करने का दृढ़ संकल्प लिया।




### इनरव्हील क्लब : नई कार्यकारिणी की प्रथम बैठक, विजय बालहरा ने संभाला अध्यक्ष पद


**रोहतक।** इनरव्हील क्लब रोहतक की नवगठित कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक का आयोजन आज बेहद गरिमामय माहौल में किया गया। इस बैठक के दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष पद ग्रहण एवं कॉलरिंग समारोह संपन्न हुआ। क्लब की निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. कमलेश मलिक ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय बालहरा को पारंपरिक रूप से कॉलर पहनाकर आधिकारिक तौर पर पदभार सौंपा। मुख्य अतिथि के रूप में क्लब की सलाहकार व पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कपिला गुप्ता, पूर्व एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. प्रीति गुगनानी तथा जिला सचिव डॉ. अंजू आहूजा उपस्थित रहीं। सभी विशिष्ट अतिथियों ने क्लब की प्रगति के लिए अपने बहुमूल्य मार्गदर्शन व सुझाव साझा किए। साथ ही, सदस्यों को भविष्य में मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट, सार्थक और बड़े स्तर की परियोजनाएं संचालित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नवविर्वाचित अध्यक्ष विजय बालहरा के साथ पूनम गुप्ता, कमलेश मलिक, किरण सोनी, विम्पी गुलाटी, मंजू बिंदल और एकता मिगलानी सहित कई सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### भाजपा के जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल का स्वागत, बोले- कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत



**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल के प्रथम रोहतक आगमन पर बुधवार को भाजपा कार्यालय 'मंगल कमल' में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं पटका पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने की। नवनियुक्त जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है और प्रत्येक कार्यकर्ता इसकी सबसे बड़ी शक्ति है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि एडवोकेट विजयपाल के संगठनात्मक अनुभव का लाभ रोहतक भाजपा को मिलेगा। विजयपाल पूर्व में सिरसा, महेंद्रगढ़, पानीपत, भिवानी और कैथल के जिला प्रभारी रह चुके हैं तथा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के पूर्व सदस्य भी रहे हैं। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, दीपक हुड्डा, प्रदीप जैन, राजकुमार शर्मा, रमेश भाटिया, सरिता नारायण, उदयभान मलिक, वीणा सिक्का, नरेंद्र खट्टर, नितिन जैन, हरिओम मित्तल भाली, रवि हुड्डा, संगीता सिंगला, उर्मिला रईस, विकास पंवार, रणबीर सिंह, एडवोकेट मनोज कुमार, शिव कुमार परमार सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इंटर-स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**रोहतक।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हॉल में एक भव्य इंटर-स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 'द आर्यन ग्लोबल स्कूल' के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इस कड़े मुकाबले के बीच द आर्यन ग्लोबल स्कूल की छात्रा भूमिका ने शानदार कलाकृति बनाते हुए वरिष्ठ वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं, इसी विद्यालय की तेजस्वी ने अपनी कला का बेहतरीन हुनर दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। छात्राओं की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना और निदेशक सुनीता अहलावत ने दोनों को बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने विजेता छात्राओं, अभिभावकों और मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी विद्यार्थी इसी तरह विभिन्न गतिविधियों में स्कूल का नाम रोशन करते रहेंगे।

## आकाश इंस्टीट्यूट ने पूर्व छात्रों और युवा डॉक्टरों को किया सम्मानित

**रोहतक।** नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर आकाश इंस्टीट्यूट ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने उन पूर्व छात्रों (आकाशियंस) को सम्मानित किया, जो चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं या एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में हैं। इस विशेष कार्यक्रम में रोहतक पीजीआई और एम्स दिल्ली समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों से आए डॉ. अक्षत, डॉ. निशा, डॉ. हर्षित और डॉ. गर्वित सहित अनेक युवा प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया गया। संस्थान के डिप्टी रीजनल डायरेक्टर विकास फुटेला ने कहा कि यह दिन समाज की सेहत के लिए जीवन समर्पित करने वाले डॉक्टरों के प्रति आभार जताने का अवसर है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दशकों से मेडिकल कोचिंग में सक्रिय आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र लगातार नीट परीक्षा में शीर्ष रैंक हासिल कर रहे हैं।




## वाईएचएआई रोहतक यूनिट ने एचएम पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रोहतक।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में यूथ होस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ( हरियाणा राज्य शाखा) की रोहतक यूनिट द्वारा आज एचएम पब्लिक स्कूल, सोनीपत रोड के परिसर में एक प्रेरणादायी वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, वाईएचएआई के पदाधिकारियों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के नरेश बल्हारा द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन देवेंद्र राठी, मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र बल्हारा, उप-प्राचार्या सोनिया रानी, वाईएचएआई रोहतक यूनिट के चेयरमैन जनार्दन शर्मा तथा सचिव डॉ. दीपक भारद्वाज मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## एआई को उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में शामिल करना समय की जरूरत : प्रो. नसीब गिल



रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटेशनल साइंसेज संकाय के डीन प्रो. नसीब सिंह गिल, एसीयूएसएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. ध्रुव चौधरी व अन्य प्रोफेसर।

**रोहतक।** एमडीयू के मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटेशनल साइंसेज संकाय के डीन प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि उच्च शिक्षा और शोध का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। ऐसे में समय की मांग है कि एआई को विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में व्यवस्थित रूप से शामिल किया जाए, ताकि विद्यार्थी भविष्य की तकनीकी चुनौतियों और रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार हो सकें।

प्रो. गिल बेनेट यूनिवर्सिटी में एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज स्कॉलर्स एंड फेलोज (एसीयूएसएफ) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के पैनल डिस्कशन में बतौर रिसोर्स पर्सन अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एआई शोध, नवाचार और ज्ञान सृजन की दिशा बदल रहा है तथा इसके प्रभावी उपयोग से शिक्षा की गुणवत्ता और शोध की उपयोगिता दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।

25 जून को जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने प्रधान दिमाना व महा सचिव नवदीप की आजीवन सदस्यता कर दी रद्द

# जाट एजुकेशन सोसायटी में वाकयुद्ध जारी, नरेश काला ने दिमाना के कामकाज पर उठाए सवाल

- गत मंगलवार को दिमाना बरसे थे नरेश काला पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते कॉलेजियम सदस्य एवं पूर्व उप प्रधान नरेश काला व अन्य सदस्य।

जाट एजुकेशन सोसायटी में नेतृत्व और प्रशासनिक फैसलों को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। जिला सोसायटी रजिस्ट्रार द्वारा सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और महासचिव नवदीप सिंह की आजीवन सदस्यता समाप्त किए जाने के बाद दोनों पक्ष खुलकर आमने-सामने आ गए हैं। मंगलवार को गुलाब सिंह दिमाना ने ओमेक्स सिटी स्थित अपने समर्थकों की बैठक कर मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखा था, जबकि बुधवार को विरोधी गुट के प्रमुख नरेश काला ने मैना पर्यटन केंद्र में समर्थकों के साथ बैठक कर दिमाना पर कई आरोप लगाए। नरेश काला ने आरोप लगाया कि गुलाब सिंह दिमाना समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों की फीस से एकत्रित धन का उपयोग उन कार्यों पर किया जा रहा है, जिनकी कोई वास्तविक आवश्यकता नहीं है। उनका कहना था कि संस्था की आय का उपयोग पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में सोसायटी चुनाव के लिए सदस्यों से 2,100 रुपये प्रति सदस्य के हिसाब से राशि एकत्र की गई थी, जो उनके अनुसार ब्याज सहित अब लगभग 72 लाख रुपये हो चुकी है। काला का आरोप है कि इस राशि को स्थानांतरित कराने के लिए प्रधान द्वारा कोषाध्यक्ष पर दबाव बनाया गया। उनका दावा है कि कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर बैंक में कोषाध्यक्ष के स्थान पर सचिव के हस्ताक्षर दर्ज करवा दिए गए। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। नरेश काला ने यह भी कहा कि संस्था के तीन कॉलेजों की गवर्निंग बॉडी के चुनाव निर्धारित समय पर नहीं कराए गए। उनके अनुसार करीब दो वर्ष बाद कराए गए चुनाव भी अधूरे हैं।

### संस्था में नियुक्तियों के दौरान भी नियमों की अनदेखी की

कॉलेजियम सदस्य एवं पूर्व उप प्रधान नरेश काला ने आरोप लगाया कि संस्था में नियुक्तियों के दौरान भी नियमों की अनदेखी की गई। काला का दावा है कि दिमाना ने अपने रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बिना आवश्यकता लाखों रुपये का ट्रैक्टर खरीदा और उसके माध्यम से नियुक्ति का रास्ता बनाया। उन्होंने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी उठाई। काला ने कहा कि जाट शिक्षण संस्थाएं समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था का संचालन नियमों, पारदर्शिता और सामूहिक हितों को ध्यान में रखकर होना चाहिए। यदि आवश्यकता पड़ी तो संस्था के हित में आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। मालूम रहे कि हाल ही में जिला सोसायटी रजिस्ट्रार ने सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और महासचिव नवदीप सिंह की आजीवन सदस्यता समाप्त करने के आदेश जारी किए थे। यह कार्रवाई संस्था के संचालन में नियमों के उल्लंघन संबंधी शिकायतों के आधार पर की गई थी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सीमा दहिया पुत्री केहर सिंह निवासी 1829 सेक्टर-1, अर्बन एस्टेट रोहतक घोषणा करती हूं कि मेरे प्लाट नंबर B-172, सैक्टर-34 सनसिटी रोहतक का पजेशन लेटर और अलॉटमेंट एग्रीमेंट दिनांक 27.6.2026 को दिल्ली बाईपास और सेक्टर -1 रोहतक के बीच कहीं गुम हो गया है जिसकी काफी खोजबीन की गई परंतु कहीं नहीं मिला इसके संबंध में मैंने पुलिस में डीडीआर संख्या:- 132370802600708 & 132370802600709 दर्ज करवा दी है यदि उक्त कागजात किसी को मिले तो ऊपर दिए गए पत्ते पर संपर्क करें।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**

**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| MRI/CT TECHNICIAN | 4 |
| COMPUTER OPERATOR | 2 |
| PRO | 2 |
| NURSING STAFF | 4 |
| WARD BOY | 2 |
| GATE KEEPER | 2 |

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## गर्मी के छुट्टी के बाद स्कूलों में लौटी रौनक



**रोहतक।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बुधवार को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। सुबह से ही रंग-बिरंगी यूनिफॉर्म पहने और कंधों पर बस्ता टांगे बच्चे भारी उत्साह के साथ अपने-अपने स्कूलों की ओर बढ़ते नजर आए। हालांकि, छुट्टी के बाद पहले दिन कई स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति थोड़ी कम दर्ज की गई। लेकिन बच्चों के चेहरों पर स्कूल लौटने की खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। जिले के राजकीय (सरकारी) स्कूलों में पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है। फोटोः हरिभूमि

## मदवि: एमपीएड कोर्स के लिए नहीं मिला एक भी छात्र, 40 सीटों पर जीरो आवेदन

### बीपीएड-एमपीएड का फिजिकल टेस्ट कल से, पर एमपीएड में दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमडीयू के शारीरिक शिक्षा विभाग में आगामी सत्र के लिए एक बेहद हैरान करने वाली स्थिति पैदा हो गई है। विश्वविद्यालय के बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 2 और 3 जुलाई को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का आयोजन किया जा रहा है। लेकिन इस बार एमपीएड (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन) पाठ्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जो आंकड़े सामने आए हैं, उसने विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

### खाली रह सकती हैं सभी सीटें

विभाग के पास एमपीएड पाठ्यक्रम के लिए कुल 40 सीटें उपलब्ध हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि इन 40 सीटों पर इस बार किसी भी विद्यार्थी ने आवेदन नहीं किया है। विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी पोर्टल पर 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का समय दिया गया था, लेकिन इस निर्धारित अंतिम तिथि तक एक भी फॉर्म जमा नहीं हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने बताया कि बीपीएड अभ्यर्थियों की पीईटी 2 जुलाई को तथा एमपीएड अभ्यर्थियों की पीईटी 3 जुलाई को आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं सुबह 8:30 बजे से डॉ. मंगल सेन इंडोर हॉल (जिम्नेजियम हॉल), स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एमडीयू रोहतक में होंगी। विभागाध्यक्ष ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से पहले परीक्षा स्थल पर पहुंचना होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी या अन्य वैध मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तथा सभी शैक्षणिक एवं खेल प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी लाना अनिवार्य है।

### एमपीएड के बाद करियर के अवसर

मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एमपीएड) की डिग्री पूरी करने के बाद युवाओं के लिए खेल, शिक्षा और फिटनेस के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलते हैं। उच्च शिक्षण योग्यता के कारण अभ्यर्थी केंद्रीय विद्यालय, नवोदय और विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों में शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में प्रतिष्ठित करियर की शुरुआत कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजीसी नेट या पीएचडी उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालयों में बतौर प्रोफेसर या स्पोर्ट्स ऑफिसर नियुक्त होने के बेहतरीन अवसर मिलते हैं। प्रशासनिक क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवा सरकारी खेल विभागों में जिला खेल अधिकारी या खेल अकादमियों में निदेशक बन सकते हैं। वहीं, विभिन्न खेल नर्सरियों और अकादमियों में बतौर स्पोर्ट्स कोच देश के लिए एथलीट तैयार करने का मौका मिलता है। खेल पत्रकारिता, कमेंट्री, स्पोर्ट्स मैनेजमेंट और कॉर्पोरेट फिटनेस कंसल्टेंट के रूप में भी युवा इस क्षेत्र में एक शानदार और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

### इकोनोमिक सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में खुली परतें

# मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल सील दस्तावेज नहीं दिखा सका संचालक

**एनओसी नहीं, डॉक्टरों की डिग्री और पंजीकरण दस्तावेज नहीं मिलने पर टीम ने की कार्रवाई**

**ऑपरेशन व विशेषज्ञ सेवाओं के दावों की भी होगी जांच, पहले भी विवादों में रहा अस्पताल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




लाखनमाजरा कस्बे में संचालित श्रीश्याम मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल पर बुधवार को इकोनोमिक सेल और लाखनमाजरा थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अस्पताल संचालक से अस्पताल संचालन की अनुमति, विभिन्न विभागों की एनओसी तथा डॉक्टरों की शैक्षणिक योग्यताओं से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने अस्पताल को नोटिस जारी करते हुए आगामी आदेशों तक उसे सील कर दिया। लाखनमाजरा थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि अस्पताल में कार्यरत कुछ डॉक्टरों के पास वैध डिग्रियां नहीं हैं और मरीजों का इलाज नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। इन शिकायतों के आधार पर इकोनोमिक सेल और पुलिस ने संयुक्त रूप से अस्पताल में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों से उनकी डिग्रियां और पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई भी डॉक्टर मौके पर अपनी योग्यता का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके चलते टीम को संदेह हुआ कि अस्पताल में बिना वैध योग्यता वाले लोग भी मरीजों का इलाज कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि यदि ऐसा है तो यह मरीजों के जीवन और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हो सकता है।

### दावे की होगी जांच

जांच के दौरान सामने आया कि अस्पताल में मरीजों के लिए ऑपरेशन की सुविधा के अलावा क्षय रोग विशेषज्ञ सहित कई तरह की चिकित्सा सेवाओं का दावा किया जा रहा था। हालांकि, टीम को किसी भी विभाग से जारी एनओसी या स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल संचालन की वैध अनुमति नहीं मिली। अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में भी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

### पहले से मामला दर्ज

अस्पताल पहले भी विवादों में रह चुका है। अस्पताल के खिलाफ पहले से एक मामला दर्ज है, जिसकी जांच अभी जारी है। उस मामले में आरोप है कि अस्पताल ने एक ऐसे व्यक्ति के दो बार मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए थे, जो जीवित था। इस घटना के सामने आने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। **-रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी**

### नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

छापेमारी के दौरान जब अस्पताल संचालक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया तो अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। अब अस्पताल से जुड़े सभी रिकॉर्ड, डॉक्टरों की योग्यता, लाइसेंस, एनओसी और अन्य दस्तावेजों की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि जांच में अनियमितताएं और नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो अस्पताल संचालक और संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि लोगों के जीवन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल अस्पताल को सील कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों और पंचायत का एक्सईएन को अल्टीमेटम

# 15 दिन में दो पानी, नहीं तो मकड़ौली टोल कर देंगे जाम

- गंदे पानी, टैंकों में लीकेज और खराब ट्यूबवेल से लोग परेशान
- एक्सईएन ने टैंकों की सफाई, लीकेज दुरुस्त करने और निरीक्षण का दिया आश्वासन।
- विभाग ने 15 से अधिक अवैध पेयजल कनेक्शन धारकों को भी नोटिस जारी किए



**रोहतक।** अवैध कनेक्शन के दौरान ग्रामीणों को नोटिस देते जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव मकड़ौली में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आ गया है। गांव की पंचायत जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता (एक्सईएन) से मिलने पहुंची और स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण मकड़ौली टोल को जाम करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित विभाग की होगी।

इससे पहले 28 जून की शाम गांव में आयोजित पंचायत में भी जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पहुंचे थे। उस बैठक में ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी नाराजगी जताते हुए पेयजल संकट, गंदे पानी की आपूर्ति और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। पंचायत के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई की मांग की। गांव के चेयरमैन सुनील ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में सरपंच, महिलाएं और अन्य ग्रामीण भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि गांव के आधे से अधिक हिस्से में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है।

### दूषित पानी के कारण लोग हो रहे बीमार

दूषित पानी के कारण कई लोगों को त्वचा संबंधी रोग और पेट की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है ताकि समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके। ग्रामीणों के अनुसार, एक्सईएन ने पानी के टैंकों की सफाई कराने, लीकेज ठीक करवाने और एक-दो दिन में मौके का निरीक्षण करने का आश्वासन दिया है। समाधान नहीं निकला तो पंचायत अगली रणनीति तय करेगी। जिसमें मकड़ौली टोल जाम करने जैसे आंदोलनात्मक कदम भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि 15 से अधिक अवैध कनेक्शन मालिकों को नोटिस देकर एक सप्ताह में कनेक्शन हटवाने के लिए आदेश दिए हैं।




## मांगें पूरी न होने पर 6 से 8 अगस्त तक हड़ताल करेंगे नगर पालिका कर्मचारी

**रोहतक।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने मांगें पूरी नहीं होने पर 6, 7 और 8 अगस्त को प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने 30 जून तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित लंबित मांगें पूरी करने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया। बुधवार को नगर निगम परिसर में रोष प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संघ के प्रदेश सचिव राकेश चावरिया ने कहा कि यदि तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान भी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल दिया जाएगा। रोष प्रदर्शन में अशोक थोरिया, राजपाल टांक, रोहित गिल, रवि चड्डा, सुरेश पवार, शंकर टांक, सुभाष चावरिया, भीम चावरिया, राजकुमार टांक, कृष्ण बिड़लान, राजे मकड़ौली, सीताराम दरोगा, आजाद दरोगा, बलबीर दरोगा, रूपबसंत दरोगा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## जिले में 6 अमृत सरोवर लोकार्पित किए

### महम के तालाबों के जीर्णोद्धार पर खर्च हुए 4.38 करोड़ रुपये

**तालाबों का शहीदों के नाम पर नामकरण, पौधारोपण व सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** सरोवरों का लोकार्पण करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि, जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा व भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका और अन्य। फोटो: हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को अंबाला के नारायणगढ़ से अमृत सरोवर योजना के तहत प्रदेशभर में पुनर्जीवित किए गए 325 अमृत सरोवरों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान रोहतक जिले के महम खंड में जीर्णोद्धार किए गए छह अमृत सरोवर भी आमजन को समर्पित किए गए। इन छह तालाबों के पुनर्जीवन पर करीब 4 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। स्थानीय स्तर पर जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सचिन गुप्ता, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, जिला परिषद चेयरपर्सन मंजू हुड्डा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से इन सरोवरों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में अमृत सरोवर योजना को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए प्रदेश में तालाबों के पुनर्जीवन को जनभागीदारी से जोड़ने का आह्वान किया। डीसी ने बताया कि महम खंड के गांव भराण जिंदराण स्थित सदनसर तालाब, फरमाणा खास का धामा वाला तालाब, किशनगढ़ का मेरु वाला तालाब, मोखरा खास का मंडाली तालाब, निंदाना खास का कालसर तालाब तथा सीसर खास का गुगाना तालाब का जीर्णोद्धार पूरा होने के बाद लोकार्पित किया गया है। 18 अन्य तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रगति पर है।

### गांवों के विकास से ही देश बन सकता है समृद्ध

परियोजना के तहत तालाबों से गंदे पानी की निकासी, गाद निकालना, किनारों को मजबूत करना, चारों ओर पौधारोपण करना तथा बैठने के लिए बेंच लगाने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही पुनर्जीवित किए जा रहे तालाबों का नामकरण शहीदों के नाम पर किया जा रहा है, ताकि जल संरक्षण के साथ राष्ट्रसेवा की भावना को भी सम्मान मिल सके। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि गांवों के विकास से ही देश समृद्ध बन सकता है।

## शहर की चौकसी 'आउटर' तक अंदर बेखौफ घूम रहे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में कानून व्यवस्था को लेकर आम लोगों के बीच चिंता लगातार बढ़ रही है। शहर के बाहरी हिस्सों और प्रवेश मार्गों पर पुलिस के नाके तो नजर आते हैं, लेकिन शहर के अंदर प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की नियमित मौजूदगी कम दिखाई देने की शिकायतें सामने आ रही हैं। लोगों का मानना है कि इसी का फायदा उठाकर बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पिछले कुछ समय में शहर के विभिन्न इलाकों में स्नैचिंग, वाहन चोरी, घरों और दुकानों में चोरी तथा लूट की घटनाएं लगातार सामने आई हैं। इन घटनाओं ने लोगों के मन में असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। बाजार जाने वाले व्यापारी हों, नौकरीपेशा लोग हों या छात्र-छात्राएं, सभी का कहना है कि अब घर से निकलते समय सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। पुलिस का अधिक ध्यान शहर की सीमाओं और बाहरी मार्गों पर लगे नाकों पर दिखाई देता है। हालांकि बाहरी क्षेत्रों में निगरानी जरूरी है, लेकिन शहर के भीतर भी उतनी ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता है। मुख्य बाजार, रेलवे रोड, बस स्टैंड, भीड़भाड़ वाले चौराहे और नई विकसित कॉलोनियां ऐसे स्थान हैं, जहां पुलिस की गश्त और निगरानी अपराध रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



### यहां होने चाहिए नाके

- बस स्टैंड
- जाट भवन
- डी-पार्क
- एमडीयू गेट
- जाट कॉलेज चौक
- शीला बाइपास
- पुराना बस स्टैंड
- गोहाना स्टैंड

### यहां बढ़नी चाहिए गश्त

- ओमेक्स सिटी
- आईएमटी क्षेत्र
- शहर के विभिन्न सेक्टर
- किला रोड
- रेलवे रोड

### अपराध होने से पहले रोके

शहरवासियों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई पर उन्हें भरोसा है, लेकिन अपराध होने के बाद कार्रवाई के बजाय रोकथाम पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि नियमित गश्त, प्रभावी नाकाबंदी और पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से अपराधों पर अंकुश लगेगा और लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग परिसर में करीब 151 पौधे रोपे गए

# अब और हरा-भरा होगा पीजीआई

- पेड़ जीवन का आधार, हर कर्मचारी एक पौधा जरूर लगाए : वीसी डॉ. अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग परिसर में पौधरोपण करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (पीजीआईएमएस) में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अमलतास, जामुन, गुलमोहर और आंवला सहित 151 छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे।कुलपति डॉ. अग्रवाल ने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं और कोविड महामारी के बाद सभी ने ऑक्सीजन का महत्व समझा है। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर मेडिसिन जैसे विभाग में हरियाली मरीजों और कर्मचारियों को स्वच्छ वातावरण के साथ मानसिक सुकून भी देगी। प्रत्येक कर्मी और विद्यार्थी से इस मानसून में एक पौधा लगाकर देखभाल करने का आह्वान किया।

### पर्यावरण संरक्षण में पौध रोपण की अहम भूमिका

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बताया कि डीएमईआर हरियाणा के निर्देशानुसार सभी मेडिकल कॉलेजों को ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीजीआईएमएस को प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल परिसर बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान लगातार चलाया जाएगा। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, डीन डॉ. एमजी वशिष्ठ, डॉ. अशोक चौहान और डॉ. सविता सिंघल ने भी पर्यावरण संरक्षण में पौधारोपण की अहम भूमिका बताई। संपदा अधिकारी दुष्यंत शर्मा ने कहा कि लगाए गए सभी पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. रोहित सहित चिकित्सक, कर्मचारी और गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एचटेट परीक्षा : जिले में 27 स्थानों पर बनाए गए 54 परीक्षा केंद्र



**4 और 5 जुलाई को होने वाली परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट**

**रोहतक।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलमुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी होने पर परीक्षार्थी डायल-112 से सहायता ले सकते हैं। परीक्षा ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को यह प्रमाणित करना होगा कि उसका कोई परिजन संबंधित परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी नहीं है।बैठक में बायोमैट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी, पेयजल, बिजली, जनरेटर, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। जिले में 27 स्थानों पर 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 4 जुलाई को पीजीटी स्तर की परीक्षा 18 केंद्रों पर तथा 5 जुलाई को टीजीटी और पीआरटी की परीक्षाएं सभी 54 केंद्रों पर आयोजित होंगी। बैठक में पुलिस व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।